कक्षाएँ 1 और 2

Public education
Discover a world of opportunities

संख्याएँ: घर पर सीखना

गणित को समझना

गणित में आपके बच्चों की रुचि जगाने में मदद करने के लिए कुछ सुझाव यहाँ दिए गए हैं:

- जब आप संख्याओं, समय, स्थिति और मापन का प्रयोग करते हैं तो जोर से बोल-बोल कर सोच-विचार करें ताकि आपके बच्चे यह देखें कि गणित कितना उपयोगी हो सकता है। उदाहरणत: *मैं यह जानने के लिए उत्सुक हूँ कि क्या हमारे पास पर्याप्त सेब हैं?* और *यह पक्का करने के लिए चलिए गिनती करते हैं।*
- आपके बच्चे जो काम कर रहे हों उन्हें उसके बारे में बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करें। सवाल पूछें और अपने बच्चों को भी सवाल पूछने दें। इससे उन्हें चीज़ों का अर्थ समझने में मदद मिलती है और साथ ही यह समझने में मदद मिलती है कि वे क्या कर रहे हैं। यह सीखने का कारगर तरीका है।
- घर में और घर के आसपास की वस्तुओं की लंबाई की तुलना करें और इन्हें क्रम से रखें। उदाहरणत: *कौन सा कंटेनर सबसे लम्बा है? कौन सा मोज़ा सबसे लम्बा है?* और *क्या आप इन कपों को सबसे छोटे से लेकर सबसे लम्बे के क्रम में रख सकते हैं?*
- अपने बच्चों को सूचीपत्र पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें, उदाहरणत: वे सूचीपत्र में से $5 से कम कीमत वाली सभी वस्तुएं खोज कर सकते हैं। ऐसे सवाल पूछें: *हम $10 से कितने कैन खरीद सकते हैं?* और *यदि आपके पास खर्च करने के लिए $50 हों तो आप इन पैसों से क्या खरीद सकते हैं?*
- उन्हें पर्यावरण में आकृतियों को देखने और इनका प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें, उदाहरणत: रैपिंग पेपर, फर्नीचर, हारों और कपड़ों पर बनी आकृतियाँ। मनके और ब्लॉक्स से आकृतियाँ बनाएँ।

टेलीविज़न बंद कर दें। अगर कोई रोक-टोक न हो तो आपके बच्चों के लिए ध्यान लगाना अधिक आसान होता है।

- रोज़मर्रा की गतिविधियों को करते समय अपनी संतान से सवाल पूछें ताकि वे छोटी आयु से ही गणित के बारे में सोचने और बात करने लगें। निम्न प्रकार के सवाल पूछें: *ये कितने हैं? यह रास्ता कहाँ जाता है? क्या यह इसमें फिट होगा? क्या हम सभी के लिए पर्याप्त है?* और *यह कितना बड़ा है?*
- कोशिश करने के लिए अपने बच्चों की सराहना करें, भले ही उन्होंने गलत जवाब दिया हो। यदि उन्हें जवाब नहीं पता है, तो उन्हें जवाब ढूँढने का समय दें। यदि आप उन्हें जवाब देते/देती हैं, तो इस बारे में बात करें कि आप इस जवाब पर कैसे पहुँचे। इससे सीखने के प्रति उनमें आत्म-विश्वास बढ़ता है। उन्हें सोच-विचार करने और आपके सवालों का जवाब देने के लिए समय दें। धैर्य रखें।

'अक्सर थोड़ी-थोड़ी देर' के सुनहरे नियम का पालन करें – हर रोज़ कुछ मिनट संख्याओं के बारे में सीखना 30 मिनट के गणित के सत्र से बेहतर होता है।

Department of
Education

आपको और अधिक जानकारी **education.wa.edu.au** पर होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015